**सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल**

**वसुंधरा, गाज़ियाबाद**

**सत्र : २०२० - २१**

**हिन्दी अभ्यास पत्र चतुर्थ मूल्यांकन (पुनराभ्यास - 1)**

**नाम - ………………….........  कक्षा - पाँच वर्ग….......  दिनांक- -------------**

---

**प्रश्न - 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए -**

भारत को यदि हम त्योहारों का देश कहें तो अनुचित नहीं होगा । हमारे देश में वर्ष भर त्योहारों की धूम मची रहती है । हर बदलते मौसम के साथ ही कोई न कोई त्योहार अवश्य मनाया जाता है । ये त्योहार एक और हमें ऋतु परिवर्तन का सन्देश देते हैं तो दूसरी और उसके स्वागत हेतु हममें उत्साह और उमंग का संचार करते हैं । कुछ त्योहार धार्मिक दृष्टि से महत्तवपूर्ण हैं । ये सभी हमें एकता, प्रेम, भाई-चारा का सन्देश देते हैं । वैसे भी हमारे देश में लगभग सभी धर्मों के निवासी रहते हैं । भारत में सभी धर्मों को सम्मान प्राप्त है । सभी को अपने-अपने धर्म का पालन करने की पूर्ण स्वतंत्रता है । यही कारण है कि सभी त्योहारों को पूरा देश मिल-जुलकर प्रसन्नता से मनाता है । दीपावली यदि हल्की ठंडक के साथ आरम्भ होकर शीत ऋतु के आगमन का सूचना देता है, तो रामनवमी ग्रीष्म ऋतु की सूचना देता है । मकर संक्रांति एवं लोहड़ी का त्योहार शीत ऋतु की समाप्ति का तथा वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है । इस प्रकार हर त्योहार किसी न किसी ऋतु से जुड़ा हुआ है । बच्चों के लिए मनाया जाने वाला त्योहार बाल-दिवस है, जो स्वतंत्र देश के प्रधानमंत्री चाचा नेहरू के जन्मदिवस पर बच्चों को समर्पित है । हमारे तीन राष्ट्रीय त्योहार हैं - 1.स्वतंत्रता दिवस - यह 15 अगस्त को मनाया जाता है । सन् 1947 में हमें इसी दिन आज़ादी मिली थी । 2. गणतन्त्र दिवस - सन् 1950 में पूर्ण स्वाधीनता प्राप्त हुई थी । हमारा संविधान बना था । 3. गाँधी जयंती - यह हमारे राष्ट्रपिता बापू को समर्पित है । इस प्रकार हमारा देश सचमच त्योहारों का देश है ।

**प्रश्न - क. हमारे देश में वर्ष-भर किसकी धूम रहती है ?**

अ. ऋतुओं की ☐  ब. त्योहारों की ☐  स. बारिश की ☐

**प्रश्न - ख. गुरुपर्व किस धर्म के लोग मानते हैं ?**

अ. इसाई ☐  ब. हिन्दू ☐  स. सिख ☐

**प्रश्न - ग. रामनवमी का त्योहार किस ऋतु के आगमन की सूचना देता है ?**

अ. ग्रीष्म ऋतु की ☐  ब. वर्षा ऋतु की ☐  स. शीत ऋतु की ☐

LIVEWORKSHEETS

**प्रश्न - घ. हम स्वतंत्रता दिवस क्यों मानते हैं ?**

अ. इस दिन हमारा संविधान बना था ☐ ब. हमारा देश आज़ाद हुआ था ☐

स. अ और ब दोनों ☐

**प्रश्न - ङ. नेहरू जी का जन्मदिन हम किस रूप में मनाते हैं ?**

अ. आज़ादी के रूप में ☐ ब. त्योहार के रूप में ☐ स. बाल-दिवस के रूप में ☐

**प्रश्न - 2. अभिनव के माता-पिता उसकी किस आदत से बेहद परेशान थे ?**

क. रोने की ☐ ख. खेलने की ☐ ग. गुस्सा करने की ☐

**प्रश्न - 3. माँ ने अभिनव को गुस्से को शांत करने के लिए क्या करने को कहा ?**

क. घर के अंदर वाली दीवार पर एक कील ठोंकने को ☐

ख. घर के बाहर वाली दीवार पर एक कील ठोंकने को ☐

ग. घर की छत पर एक कील ठोंकने को ☐

**प्रश्न - 4. अभिनव को अपने गुस्से को काबू करने में कितना समय लगा ?**

क. एक महीना ☐ ख. दो महीने ☐ ग. 15 दिन ☐

**प्रश्न - 5. 'विवश' शब्द के लिए सही अर्थ चुनें -**

क. बर्ताव ☐ ख. लाचार ☐ ग. तय ☐

**प्रश्न - 6. 'गुस्से से अभिनव का <u>फ़ायदा</u> नहीं, ................ ही हो रहा था ।' खालीस्थान के लिए रेखांकित शब्द का उचित विलोम शब्द चुनें -**

क. हानि ☐ ख. लाभ ☐ ग. नुकसान ☐

**प्रश्न - 7. 'अपशब्द या बुरे .............. से हृदय पर लगी चोट कभी ठीक नहीं होती ।' पाठ के अनुसार खालीस्थान के लिए उचित शब्द चुनें -**

क. व्यवहार ☐ ख. शब्द ☐ ग. भद्दे ☐

**प्रश्न - 8. 'धिक्कार' शब्द के लिए उचित अर्थ चुनें -**

क. विवश ☐ ख. आवाज़ ☐ ग. लानत ☐

**प्रश्न - 9. 'लापरवाही' शब्द के लिए उचित अर्थ चुनें -**

क. लाचार ☐ ख. बेफ़िक्री ☐ ग. हैरानी ☐

**प्रश्न - 10. समीर के दादा जी को रात में कैसा दिखता था ?**

क. तेज़ ☐ ख. धुँधला ☐ ग. बिल्कुल नहीं ☐

LIVEWORKSHEETS

**प्रश्न - 11. दादा जी को अँधेरे में किसी चीज़ से टकराना ना पड़े इसके लिए घर वालों को किस बात का ध्यान रखना पड़ता था ?**

क. रसोई की बत्ती जलती रहे ☐ ख. कमरे की बत्ती जलती रहे ☐

ख. गैलरी की बत्ती जलती रहे ☐

**प्रश्न - 12. दूसरे दिन जब समीर विद्‌यालय से लौटा तो उसने क्या देखा ?**

क. दादा जी अपने कमरे में नहीं थे। ☐

ख. समीर की मेज़-कुर्सी दादा जी के कमरे में नहीं थी। ☐

ग. समीर के पिता जी का बिस्तर दादा जी के कमरे में लगा था। ☐

**प्रश्न - 13. "बेकार की चिंता मत करो। थोड़ी-सी लापरवाही के चलते अगर नंबर कम आए तो साल भर की मेहनत पर पानी फिर जाएगा।" ये वाक्य किसने किससे कहे ?**

क. पिता जी ने समीर से कहा ☐

ख. माँ ने समीर से कहा ☐

ग. दादा जी ने समीर से कहा ☐

**प्रश्न - 14. 'पापा समीर से कई दिनों तक आँख मिलाने की ................ न जुटा पाए।' पाठ के**

**अनुसार खालीस्थान के लिए उचित शब्द चुनें -**

क. कोशिश ☐ ख. मेहनत ☐ ग. हिम्मत ☐

**प्रश्न - 15. 'दादा जी की लाठी' पाठ से हमें क्या सीख मिलती है ?**

क. बुज़ुर्गों को दवा और खाने की ज़रूरत होती है। ☐

ख. बुज़ुर्गों को इज्ज़त, सेवा और प्यार की ज़रूरत होती है। ☐

ग. बुज़ुर्गों को प्यार, दवा और खाने की ज़रूरत होती है। ☐

LIVEWORKSHEETS